वो है मेरा गोगा पीर | By Passi Kesri

जो सच्चे पर्चे लाता है
जो सबको राह दिखाता है
जो लीले घोड़े वाला है
वो है मेरा गोगा पीर.....4

हार के जो इस दर पे आये
उसको गले लगाता है
सच्चे दिल से मांग के देखो
झोली भर के जाता है
जो सबके काज बनाता है
वो है मेरा गोगा पीर.....४

सुन्दर मुखड़ा चाँद का टुकड़ा
गोगा पीर हमारा है
गोगा जी के रंग में रंग के
आता खूब नज़ारा है
जो सबके साथ निभाता है
वो है मेरा गोगा पीर.....४

गोगा जी के झाड़े में तो
ऐसी शक्ति न्यारी है
जिस पे कृपा गोगा करते
उसकी किस्मत न्यारी है
पास्सी गोगा के गुण गाता है
वो है मेरा गोगा पीर.....4

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%80%e0%a4%b0-by-passi-kesri/